सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

CCL



# अपनी बात

अंक : 601 वर्ष 45 राँची, फरवरी, 2024



# ऐतिहासिक 'द्वितीय कोल इंडिया मैराथन' सफलतापूर्वक संपन्न




ऐतिहासिक 'द्वितीय कोल इंडिया मैराथन' शुरूआत का एक दृश्य

दिनांक 11 फरवरी, 2024 को बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल द्वारा आयोजित अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक 'द्वितीय कोल इंडिया मैराथन' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मैराथन में झारखंड राज्य सहित देशभर से 7500 धावकों से अधिक ने हिस्सा लिया। कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित यह कोल इंडिया मैराथन का दूसरा संस्करण बेहद सफल रहा। चार श्रेणियों में आयोजित यह मेगा इवेंट (फुल मैराथन – 42.19 किमी, हाफ मैराथन – 21 किमी, 10 किमी दौड़ और 5 किमी) एआईएमएस (AIMS) से आधिकारिक रूप से पंजीकृत मैराथन था। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष धावकों के लिए अलग–अलग श्रेणियाँ थीं।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय, झारखण्ड, श्री एस.एन पाठक, माननीय सांसद (राज्यसभा) एवं एक सर्वकालिक महान एथलीट सुश्री पीटी उषा, सॉलिसिटर जनरल श्री अनिल कुमार, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, श्री एम नागराजू, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, सुश्री रूपिंदर बरार, अध्यक्ष, सीआईएल, श्री पीएम प्रसाद, सीएमडी, सीसीएल, डॉ. बी वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, श्री मनोज कुमार, पूर्व अध्यक्ष, सीआईएल श्री प्रमोद अग्रवाल, निदेशक (का.), सीआईएल, श्री विनय रंजन, निदेशक (विपणन), सीआईएल, श्री मुकेश चौधरी, निदेशक (बीडी), सीआईएल, श्री देबाशीष नंदा, सीवीओ, सीआईएल श्री ब्रजेश कु. त्रिपाठी, सचिव (खान एवं कृषि), झारखंड सरकार श्री अबू बकर सिद्दीकी, सचिव (खेल), झारखंड सरकार श्री मनोज कुमार, आईपीएस श्री अखिलेश झा, आईपीएस श्री वाईएस रमेश, निदेशक (तक/सं.), सीसीएल श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.), सीसीएल श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), सीसीएल श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तक./यो. एवं परि.), सीसीएल श्री बी साईराम, सीवीओ, सीसीएल श्री पंकज कुमार, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल श्रीमती आहुति स्वाईन, का. निदेशक (आईआईसीएम) डॉ. कामाक्षी रमन, प्रसिद्ध एथलीट सुश्री सुनीता बोदरा, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, संस्थानों के प्रमुख और अन्य उपस्थित थे।

गणमान्यों द्वारा फ्लैग ऑफ कर कोल इंडिया मैराथन 24 का शुभारंभ किया गया। मैराथन सुबह 5.00 बजे बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोरहाबादी से शुरू होकर काँके रोड होते हुये पुनः मोरहाबादी में संम्पन्न हुआ। कोल इंडिया द्वारा विजेताओं को 33 लाख रुपए से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित किया गया।

विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं : पुरूष वर्ग में फुल मैराथन (42.195 किलोमीटर) में प्रथम अक्षय कुमार,




दौड़ पूरा करने के बाद पदक प्रदर्शित करते सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी




मैराथन के दौरान मंच पर आसीन विभिन्न गणमान्य

द्वितीय हेमंत कुमार, तृतीय अजय कुमार, इसी तरह हाफ मैराथन (21.098 किलोमीटर) में प्रथम पुनीत यादव, द्वितीय हेमंत सिंह, तृतीय लोकेश चौधरी रहे ।

महिला वर्ग में फुल मैराथन में प्रथम सोनिका, द्वितीय रीनू, तृतीय भारती स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग के हाफ मैराथन में (21.098 किलोमीटर) में प्रथम रेनू सिंह, द्वितीय रेशमा दत्तू केवटे, तृतीय छवि यादव रही।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री पीएम प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अवसर विशेष पर प्रथम कोल इंडिया मैराथन को समर्पित कॉफी टेबल बुक का अनावरण भी किया गया।

सीएमडी, सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी ने धावकों की सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। इसी कड़ी




मैराथन के दौरान उपस्थित नारीशक्ति




विजेता को पुरस्कृत करते कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशकगण एवं गणमान्य अतिथिगण

में पुनः दूसरी बार कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों में खेल भावना और सौहार्द्र की भावना बढ़ेगी और कंपनी प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन करती रहेगी।

निदेशक (कार्मिक), सीआईएल श्री विनय रंजन ने कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

राज्यसभा सांसद सुश्री पीटी उषा ने भी जनता को मैराथन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मैराथन का आयोजन रांची में किया जा रहा है।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी का आभार प्रकट करते हुये कहा कि कोल इंडिया मैराथन को लेकर हम सभी काफी उत्साहित थे। श्री मिश्र ने कहा कि आमजनों के सहयोग से ही कार्यक्रम का आयोजन सफलतापर्वूक संभव हुआ।




कॉफी टेबल बुक का अनावरण करती राज्यसभा सांसद सुश्री पीटी उषा

सीआईएल के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने आयोजकों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि इस तरह के आयोजनों से झारखंड में धावकों की एक नई पीढ़ी को प्रोत्साहन मिलेगा जो राज्य और देश को गौरवान्वित करेंगे।

सभी प्रतिभागियों ने कोल् इंडिया की खूब प्रशंसा की। ज्ञात हो कि धावकों के स्वस्थ्य को रखते हुए पुरे मैराथन रूट पर एनर्जी स्टेशन एवं आपातकालीन चिकित्सा हेतु प्रबंध किया गया था साथ ही सीसीएल के सुरक्षा कर्मी, एथलेटिक्स फेडरेशन के कर्मी तकनीकी सहयोग के लिए तत्पर थे।

सीसीएल परिवार ने इस मैराथन के सफल आयोजन के लिए झारखंड सरकार, स्थानीय प्रशासन, एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया, विभिन्न संस्थानों एवं आयोजन में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सभी लोगों का उनके बिना शर्त सहयोग, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया।

# कोल इंडिया मैराथन–2024 की झलकियाँ





















# कोयला मंत्री ने किया सीएमपीएफओ के केंद्रीकृत दावा प्रसंस्करण और निपटान पोर्टल एवं कोल इंडिया की विभिन्न सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन




सीएमपीएफओ का केंद्रीकृत दावा प्रसंस्करण और निपटान पोर्टल का उद्घाटन करते माननीय कोयला और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी

दिनांक 01 फरवरी को माननीय कोयला और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने कोयला खदान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) का केंद्रीकृत दावा प्रसंस्करण और निपटान पोर्टल (Centralized Claim Processing and Settlement Portal) लॉन्च किया। इस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों के भविष्य निधि से सम्बंधित किसी भी दावे का त्वरित निपटारा पूरी पारदर्शिता के साथ होगा। इतना ही नहीं इस पोर्टल में सभी प्रकार की सूचनाएँ संरक्षित एवं उपलब्ध रहेगी। यह मैन्युअल रूप से भविष्य निधि का दावों के निपटारा करने की वर्तमान प्रक्रिया को प्रतिस्थापित करेगा। सी–डीएसी इंडिया द्वारा विकसित यह वेब पोर्टल 3.5 लाख सीएमपीएफ ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा और 6 लाख से अधिक पेंशनरों को इसका लाभ होगा।

## सीआईएल के शिक्षा एवं कौशल विकास से सम्बंधित सीएसआर योजनाओं का भी उद्घाटन

**योजना 1 :** माननीय मंत्री ने झारखंड के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं और कंप्यूटर लैब के निर्माण के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। 27.08 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस प्रोजेक्ट के माध्यम से सीआईएल 200 स्कूलों को सहायता प्रदान करेगी।

**योजना 2 :** कोयला क्षेत्रों और उसके आसपास के समुदायों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर पहल की प्राथमिकता है। कम्पनी आस – पास के क्षेत्रों के युवाओं में कौशल विकास करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की तकनीकी साझेदारी के साथ, कई कौशल विकास संस्थानों की स्थापना करेगा। इन संस्थानों द्वारा बेरोजगार उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलंबी बनाया जायेगा। यह परियोजना सीआईएल की सहायक कंपनियों में दो चरणों में पूरी की जाएगी। सीसीएल में भी यह पायलट प्रोजेक्ट शीघ्र ही शुरू होगा।

**योजना 3 :** सीआईएल के खनन क्षेत्र के आस–पास के युवाओं को टाटा स्ट्राइव द्वारा कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ष 2023 के दौरान सीआईएल ने एनसीएल और डब्ल्यूसीएल के परिचालन क्षेत्रों के 100 युवाओं के प्रशिक्षण के लिए एक पायलट परियोजना

शुरू की, जिसमें नागपुर (40 सहायक इलेक्ट्रीशियन) और वाराणसी (60– आतिथ्य) केंद्रों में युवा प्रशिक्षित हुए है। इस पायलट चरण की सफलता को ध्यान में रखते हुए, सीआईएल ने कोल इंडिया लिमिटेड के परिचालन क्षेत्रों के परिधीय क्षेत्रों से 655 उम्मीदवारों को 5 ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए टाटा स्ट्राइव के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में श्री जोशी ने कंपनी की सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हेतु सीआईएल के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान और बाद में निगरानी और प्रभाव मूल्यांकन के माध्यम से सीएसआर निधि के उचित उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने लाभार्थियों के साथ भी बातचीत की और युवाओं को अपनी शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी कंपनियाँ अपनी सीएसआर गतिविधियों से, युवाओं को कुशल एवं सक्षम बनाने का काम कर रहा है, उम्मीद है कि ये परियोजनाएँ कोल इंडिया को एक ब्रांड के रूप में उभरने में मजबूती प्रदान करेगा।

यह कार्यक्रम सचिव (कोयला), श्री अमृत लाल मीणा, कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, कार्यान्वयन भागीदारों अर्थात टाटा स्ट्राइव, एडसीआईएल और एनएसडीसी के शीर्ष प्रबंधन की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया था। कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एवम परियोजनाओं के लाभार्थी भी वर्चुअल रूप से जुड़े हुए थे।

# जन आरोग्य केंद्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन



जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा आयोजित सुतियाम्बे बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य



पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर में मरीजों का जाँच करते सीसीएल के चिकित्सक

विगत 02 फरवरी को सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा राँची के सुतियाम्बे बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 207 ग्रामीणों की एनेमिया की जाँच की गयी। इस शिविर में एनेमिया, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीजों की स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाई भी प्रदान की गयी। बताते चलें कि सीसीएल अपने हितधारकों सहित कमान क्षेत्र के आस–पास रहने वाले सभी लोगों का विशेषकर गरीब और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जन सेवा के लिए कृतसंकल्पित है।

विगत 07 फरवरी को सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा राँची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वृद्धों की सांस की तकलीफ की जाँच की गयी तथा चिकित्सीय सलाह भी दी गयी। इस शिविर में मधुमेह, ईसीजी, हीमोग्लोबीन, एवं हाइपरटेंशन की भी जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी गयी। ज्ञात हो कि कंपनी द्वारा समय – समय पर विभिन्न गावों में इस तरह के शिविर का आयोजित की जाती है।

# सीसीएल के जनसम्पर्क विभाग का नाम अब होगा कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट

सीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा कंपनी के जनसम्पर्क विभाग का नया नामकरण का निर्णय लिया गया है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा दिए गए प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए विभाग का नया नाम कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट (Corporate Communication & Public Relations Department) कर दिया गया है। बैठक में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (यो./परि.) श्री बी साईराम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विभाग के समग्र कार्य क्षेत्र के विस्तार एवं बदलते परिवेश में विभाग के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था।

# ‘कोल इंडिया लिमिटेड के अद्यतन खरीद मैनुअल’ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित करते जीएम/एचओडी (एमएम) श्री श्याम नारायण महतो

विगत 21 फरवरी, 2024 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, राँची द्वारा मुख्यालय में ‘कोल इंडिया लिमिटेड के अद्यतन खरीद मैनुअल’ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम (एमएम)/एचओडी श्री श्याम नारायण महतो ने जीएम (एचआरडी) श्री आरके पांडे, जीएम (स्टोर्स), श्री एसएस साह एवं जीएम (एमएम) श्री सुनील सहाय की उपस्थिति में किया।

कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों के बीच एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ। खरीद नियमावली में नवीनतम बदलावों (The latest changes in the Procurement Manual) और उसके प्रभाव पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को खरीद मैनुअल (Procurement Manual) के अनुरूप GeM खरीद में नवीनतम मुद्दों के बारे में अवगत कराया गया। सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे ‘मेक इन इंडिया (Make in India)’, ‘सार्वजनिक खरीद नीति (Public Procurement Policy)’ आदि पर चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा कर्मियों के ज्ञान को अद्यतन रखने के लिए समय–समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सामग्री प्रबंधन विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



कार्यशाला का एक दृश्य

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न




राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का एक दृश्य

विगत 24 फरवरी को दरभंगा हाउस, राँची में निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें प्रत्येक कार्मिक को जागरूक करने के साथ साथ नये–नये तकनीकों को अंगीकार करने की आवश्यकता है।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने आगे कहा कि सभी विभागों/क्षेत्रों को समग्र रूप से राजभाषा संबंधी कार्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जब हम दैनिक संवाद हिंदी भाषा में ही करते हैं तो कार्यालयीन कार्यों में भी इसका प्रयोग सहजता से किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बैठक में अच्छे कार्य करने वाले विभागों और क्षेत्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए ।

महाप्रबंधक (का./राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया।

बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना, इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।




रजरप्पा क्षेत्र को पुरस्कृत करते निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं निदे. (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : एनआईएमसी विभाग, गैर तकनीकी : सामान्य प्रशासन विभाग एवं क्षेत्र : रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अनुकम्पात्मक नियुक्ति से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 24 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय में श्रम शक्ति विभाग द्वारा निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा जारी किये गए अनुकम्पात्मक नियुक्ति हेतू मानक संचालन प्रक्रिया एवं नियुक्ति आवेदन के प्रशिक्षण पर आधारित थी।

इस कार्यशाला में महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) संजय ठाकुर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) श्री रमाकान्त पांडेय के साथ साथ मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों से आये अमला अधिकारीगण एवं ईकाइयों से आये नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने सम्बोधन में अनुकम्पात्मक नियुक्ति से सम्बंधित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं सी. आई. एल. के द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया की ससमय अनुपालन पर जोर दिया।

ससमय एवं त्वरित निष्पादन के लिए कंपनी द्वारा एक फाइल ट्रैकिंग प्रणाली भी तैयार की गयी है जिसके द्वारा आवेदक अपने नियोजन की वर्तमान स्तिथि को देख सकते हैं। उन्होंने विषय से सम्बंधित अन्य मामलें जो शिकायत पैदा करते हैं उनके निस्तारण पर भी चर्चा की गयी। विभागाध्यक्षा (श्रम शक्ति) श्रीमती कविता गुप्ता ने भी नवीन विकसित फाइल ट्रैकिंग प्रणाली एवं मानक संचालन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।



कार्यशाला का एक दृश्य

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रम शक्ति विभाग के अधिकारीयों एवं कर्चारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की




भारत सेवाश्रम संघ की मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

सीसीएल ने विगत 26 फरवरी को बोलेरो वाहन की खरीद के लिए भारत सेवाश्रम संघ को वित्तीय सहायता प्रदान करके सामुदायिक स्वास्थ्य के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह वाहन सीसीएल की सीएसआर पहल के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के रूप में काम करेगा। लगभग 12 लाख रूपये की लागत वाली इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा सेवाओं का पहुँच बढ़ाना है। इसके अलावा, यह गंभीर मामलों में मरीजों को गांवों से ब्लॉक या जिला–स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं में स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करके समय पर चिकित्सीय देखभाल सुनिश्चित करेगा।

यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति सीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीसीएल की वित्तीय सहायता से समर्थित मोबाइल मेडिकल यूनिट, राँची के बुंडू उप–मंडल में स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूर्ति में सहायक होगा। निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने इस वाहन को हरी झंडी दिखाई और कहा कि जो सीसीएल हितधारकों एवं ग्रामीणों के समावेशी विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। यह वाहन राँची के बुंडू क्षेत्र के लोगो के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।अवसर विशेष पर महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री एस.एस लाल एवम विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

> “ खुश रहने का बस एक ही मंत्र है
> उम्मीद बस “खुद से रखो”
> किसी और इंसान से नहीं। ”
>
> — डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

# सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे 112 कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

## निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद भी हुए सेवानिवृत्त




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 9 कर्मियों : सर्वश्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/संचालन), राजेश मिश्रा, महाप्रबंधक (एम एंड एस), गुणवत्ता विभाग, रमाकांत मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (खनन), एनआईएमसी विभाग, मनोज कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, रंजन सामंता, मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), वन विभाग, बसंत कुमार मांझी, सब इंजीनियर, नगर प्रशासन विभाग, घनश्याम सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट, ए–1, गांधीनगर अस्पताल, ब्रज बिहारी सिंह, फोरमैन इंचार्ज, ए–1, ई एंड टी विभाग एवं श्रीकांत ठाकुर, फोरमैन (इलेक्ट्रिकल), ए–1 नगर प्रशासन विभाग को दिनांक 29 फरवरी को सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान – सह – विदाई समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि फरवरी माह में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद के साथ मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 112 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन पर बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। निश्चित रूप से आपके अनुभव की कमी हमें महसूस होगी । आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊँचाई छु रही है। डॉ रेड्डी ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी।

अपने बहुमुखी प्रतिभा व नेतृत्व कौशल से श्री राम बाबू प्रसाद ने सदैव कंपनी के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उन्होंने सीसीएल सहित कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत रहते हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन किया। आईआईटी (आइएसएम), धनबाद से शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1987 में कोल इंडिया में अपने कैरियर की शुरुवात की थी। ज्ञात हो कि श्री प्रसाद ने मई, 2022 को सीसीएल में निदेशक (तकनीकी/संचालन) का कार्यभार ग्रहण किया था। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी नित्य नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया। अवसर विशेष पर श्री प्रसाद ने कहा कि वे अपने सम्पूर्ण सेवाकाल से बेहद संतुष्ट है। उन्होंने आगे कहा कि कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्य करते हुए हमेशा ही निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। श्री प्रसाद ने सीसीएल




को शुभकामनायें देते हुए कहा कि कंपनी का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है तथा कंपनी अगले वर्ष 100 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करेगी।

निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप एक भूमिका से दूसरी भूमिका निभाने जा रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि अपने अनुभवों और सुझावों से हमें अनुगृहित करते रहेंगे।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहें स्वस्थ्य एवं सुखी रहे। उन्होंने कर्मियों के परिजनों का आभार जताते हुये कहा कि आपके सहयोग एवं त्याग के बदौलत ही सेवा काल में हमारे कर्मी अपना शत प्रतिशत दे पायें।

अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी एक नए भूमिका में होंगे । श्री साईराम ने कर्मियों को रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य में स्वयं को संलिप्त करने की सलाह दी।

सीएमडी डॉ. रेड्डी और निदेशकगणों ने निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद के योगदान को याद किया एवं उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

> “दिल और मस्तिष्क के बीच संघर्ष में,
> अपने दिल का पालन करो।”
>
> — स्वामी विवेकानंद

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL strives to participate in various activities conducted in Jharkhand.

It is our endeavour to promote the budding sports talent in the state.

The company's advertisement was also displayed during the India-England test match, being played in Ranchi.




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Congratatulations!
Ms Sabina Kumari shines with Gold in Women's Team Sprint, Mr Narayan Mahto secures Silver in Men's Team Sprint at 43rd Senior & 30th Junior Asian Track Cycling Championship held in New Delhi! Rocking performance by our cyclists from JSSPS.@CoalMinistry



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Congratulations to our CMD, CCL Dr. B Veera Reddy on being honored with Jaswant Singh Gill Memorial Award for Excellence in Mines Safety at the ISM Dhanbad Alumni Meet by IIT-ISM Dhanbad today. A well-deserved recognition for commitment and excellence! @CoalMinistry



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL is on a roll..
CCL registered a growth of 25% in Coal Production, 22% in OBR and 7% in Offtake in Jan 24 compared to last FY. Company's production stood at 9.0 MT, offtake 7.3 MT and OBR 12MCuM in Jan 24.
Best ever performance in the month of January since inception.





(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)

सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग


CCLRanchi | CentralCoalfieldsLtd | centralcoalfieldsltd | Central Coalfields Limited